Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 17-06-2022 अंक 258

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## वज्रपात से मवेशी सहित एक व्यक्ति की मौत





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत केदारुत पंचायत में शुक्रवार सुबह हुई वज्रपात से एक व्यक्ति सहित मवेशी की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक का नाम किशोरी सिंह है। मृतक व्यक्ति सुबह शौच के लिए हुए थे जहां वज्रपात के चपेट में आने से उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं मैदान में चरने गई शंकर यादव की गाय को भी वज्रपात ने अपने चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौत भी मौके पर ही हो गई। मृतक किशोरी सिंह के शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया गया। बरही सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने बताया की प्राकृतिक आपदा वज्रपात से नुकसान होने पर सरकार ने प्रभिवितो के लिए मुआवजा देने का प्रावधान किया है। अगर वज्रपात से किसी की मौत हो जाती है, तो उसके आश्रित को चार लाख मिलेंगे। प्रभावित व्यक्ति या उसके परिवार के सदस्य सरकार के पास मुआवजा का दावा कर सकते है।

## चतुर्भुजी जीटी रोड का पानी घरों में घुस रहा

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा प्रतिनिधि। स्वर्णिम चतुर्भुज सड़क जीटी रोड को सिक्सलेन में तब्दीली को लेकर कच्छप गति से कोनहराखुर्द, बरकट्ठा, बेल. कपी, गोरहर थाना व गोरहर चौक में कार्य एजेंसी रिलांयस इंफ्रा की सहयोगी राजकेशरी कंस्ट्रक्शन कंपनी काफी धीमी गति से कार्य कर रही है। रोड चौड़ीकरण व अंडरपास निर्माण के क्रम में सड़क को तोड़ दिया गया और जहां तहां मिट्टी काटकर छोड़ दिया गया है। इस वजह से दो दिनों से हो रही बारिश का पानी लोंगो के घरों में घुस रहा है। इससे लोंगो को नुकसान के अलावे भारी फजीहत से उन्हें गुजरना पड़ रहा है। कार्य एजेंसी के खिलाफ लोंगो में रोष है। ज्ञात हो पूरे बरकट्ठा व गोरहर थाना क्षेत्र में निर्माण एजेंसी द्वारा काफी लापरवाही बरती जा रही है आम लोग परेशान है वही बरकट्ठा में फ्लाईओवर निर्माण के लिए खड़े किए गए कंक्रीट के खम्भे अपने आप को अनाथ समझ रहे है वही सुरक्षा के नाम पर लापरवाही बरत रही है सभी सुरक्षा मानकों की धज्जियाँ उड़ाई रआ बरकट्ठा वासियों ने कार्य एजेंसी से मांग किया है कि सड़क को जोड़कर शीघ्र चालू करने और नाली बनाकर पानी निकलने की व्यवस्था शीघ्र की

## रांची में हुई हिंसा के बाद बरही में पुलिस बल तैनात

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



रांची में हिंसा के बाद बरही पुलिस बल पूरी तरह चौकस है। बरही पुलिस ने भी शुक्रवार को बरही चौक एवं धनबाद रोड में जगह जगह लगभग दर्जनों पुलिस बल को तैनात कर दिया गया था। वहीं बरही एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने बताया रांची में हुई हिंसक झड़प के कारण राज्य सरकार के आदेश शहर में अमन वा शांति कायम रखने के लिए जगह जगह पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही साथ उन्होंने सभी से अपील किया है की किसी प्रकार के सोशल मीडिया पर झूठी अफवाह न फैलाएं।

## नवनिर्वाचित मुखिया एवं समाजसेवियों ने नए थाना प्रभारी का किया स्वागत





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही नए थाना प्रभारी ललित कुमार को शुक्रवार शाम को कोल्हुआकला पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया मंगलदेव यादव, पंचमाधाव मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, करसो मुखिया उषा राम, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश राम समा. जसेवी संजय यादव, भा. जपा के युवा नेता रितेश गुप्ता, पंचमाधव पंसस प्रतिनिधि कामेश्वर दास, नागेश्वर रजक, रवि यादव, मनोज यादव एवं सकलदेव यादव ने संयुक्त रूप से शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। वहीं मौके पर मौजूद सभी ने बताया की ललित कुमार बरही में पुनः थाना प्रभारी बनकर आए यह हम सभी के लिए बहुत की खुशी की बात है। इनके द्वारा कोरोनाकाल में किए गए कार्य काफी सराहनीय था आशा और उम्मीद करता हूं की आगे भी इनका कार्य सराहनीय होगा। इसके अलावा करसो मुखिया उषा राम ने बरही महिला थाना प्रभारी को भी पुष्पगुच्छ एवं मिठाई देकर सम्मानित की।

## नव निर्वाचित प्रमुख ,उप प्रमुख ने माता भद्रकाली में पूजा अर्चना कर की सुख समृद्धि की कामना

### भ्रष्टाचार मुक्त बरही एवं सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर होगा काम शुरू : मनोज रजक




**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

नव निर्वाचित प्रमुख मनोज रजक एवं उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा अपने समर्थित पंचायत समिति सदस्यों एवं अपने परिजनों के साथ माता भद्रकाली में पूजा अर्चना कर बरही प्रखंड की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने पूजा अर्चना के बाद मीडिया से रुबरु होते हुए कहा कि जनता एवं पंचायत समिति सदस्यों के सपोर्ट से उन्हें प्रमुख एवं उप प्रमुख के तौर प्रखंड का कमान मिला है। जनता की समस्याओं का समाधान पर उनका पूरा जोर रहेगा। भ्रष्टाचार मुख्य बरही एवं सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र पर काम शुरू होगा। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियो एवं कर्मियों से आग्रह किया है कि आप जनता का सेवक है , जनता का काम करें। बिना किसी तरह के भेदभाव के सभी का काम हो, सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। ताकि किसी तरह की कोई शिकायत उनके पास नही आ सके। कहा कि बहुत जल्द पंचायत समिति की बैठक कर हर विभाग की जानकारी ली जाएगी। जनता का कार्य कैसे सुचारू रूप से हो सके, इस पर पूरा ध्यान दिया जाएगा। उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा ने कहा कि विजैया को अलग प्रखंड के दर्जा, विजैया में पुलिस ओपी का निर्माण पर उनका जोर रहेगा। प्रमुख के साथ कदम से कदम मिलाकर काम कर जन आकांक्षाओं को पूरा करना हमारी प्राथ. मिकता रहेगी। पूजा अर्चना के दौरान उनके साथ बरही पश्चिमी पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, लोकनाथ रजक, जितेंद्र गिरी, बिना उरांव, मुकेश सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## गौरियाकरमा पंचायत के नव निर्वाचित मुखिया कुमारी मीरा ने ली शपथ

### प्रीति कुमारी ने पार्वती देवी को दो वोट से हराकर बनी उपमुखिया





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही बीडीओ सी आर इंदवार के नेतृत्व में शुक्रवार को गौरियाकरमा पंचायत भवन में पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया मुखिया कुमारी मीरा एवं सभी नव निर्वाचित वार्ड सदस्यों को शपथ दिलाई गई। उसके बाद उपमुखिया का चयन प्रक्रिया आरंभ किया गया। उपमुखिया पद के लिए दो प्रत्याशी प्रीती कुमारी एवं पार्वती देवी ने अपना नामांकन दाखिल किया। उसके बाद सभी नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों ने गोपनीय तरीके से अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किए। जिसमे प्रीति कुमारी को सात और पार्वती देवी को मात्र पांच मत मिला। वहीं मौके पर मौजूद निर्वाची पदाधिकारी ने प्रीति कुनारी को उपमुखिया घोषित किया। साथ ही मौके पर मौजूद सभी वार्ड सदस्यों ने मुखिया और उपमुखिया को माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर दुलार यादव, राजन यादव, दशरथ कुशवाहा, ललन चंद्रवंशी, जितेंद्र रजक, राजेंद्र राम, सनोज चंद्रवंशी, मनोज यादव, लालू यादव सहित पंचायत के अन्य सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## केदारुत पंचायत के नव निर्वाचित मुखिया सरिता देवी ने ली शपथ

### कंचन देवी बनी पंचायत की उपमुखिया

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही बीडीओ सी आर इंदवार के नेतृत्व में शुक्रवार को केदारुत पंचायत भवन में पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया मुखिया सरिता देवी एवं सभी नव निर्वाचित वार्ड सदस्यों को शपथ दिलाई गई। उसके बाद उपमुखिया का चयन प्रक्रिया आरंभ किया गया। उपमुखिया पद के लिए दो प्रत्याशी कंचन देवी एवं सुषमा देवी ने अपना नामांकन दाखिल किया। उसके बाद सभी नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों ने गोपनीय तरीके से अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किए। जिसमे कंचन देवी को सात और सुषमा देवी को मात्र चार मत मिला। वहीं मौके पर मौजूद निर्वाची पदाधिकारी ने कंचन देवी को उपमुखिया घोषित की। साथ ही मौके पर मौजूद सभी वार्ड सदस्यों ने मुखिया और उपमुखिया को माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर पंचायत के सैकड़ों महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## शहर में अमन चौन बहाल के लिये पुलिस ड्रोन से कर रही है निगरानी

### जिले के हरेक मस्जिदों के पास चपे चपे पर रही पुलिस की निगाहें






**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

पर अमन व शांति बनाए रखने के लिए और शांति और सौहार्द बिगाड़ने वाले के बिरुद्ध जिला प्रशासन ने अपनी कमर कस ली है,चतरा शहर के संवे.दनशील इलाकों में बड़ी संख्या में स्थानीय पुलिस के अलावे झारखण्ड पुलिस के कई शाखा के पुलिस वर्दी एव सादे लिबास में लगाया गया है था। शान्ति बहाल के लिये अनुमण्डल पुलिस पदाधिक.ारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में केशरी चौक पर ड्रोन कैमरा से शहर के छत पर इट पत्थर रखने वाले को चिन्हित किया गया।अविनाश कुमार ने अपील में साफ़ तौर पर कहा है कि किसी भी हाल में सोशल मीडिया के फैलाए जा रहे अफवाहों पर ध्यान न दें, और अपने छत से ईंट पत्थर न रखे। शहर में बढाई गयी सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में एस डी पी ओ अविनाश कुमार ने बताया कि क्षेत्र में भी शांति व्यवस्था बनी रहे और इसके लिये पुलिस हर क्षेत्र में तैनात है।किसी भी उपद्रवियों को कानून हाथ मे नही लेने दिया जायेगा! आगे थाना प्रभारी मनोहर करमाली ने बताया की जिला के लोग अमन पसंद है,हर समुदाय के लोग से मैने सम्पर्क कर शान्ति बहाल के लिये आग्रह कर चुका हूं! शहर के उपद्रवियों का सूची तैयार है और कुछ अन्य को जोड़ा जा रहा।वहीं जिले भर के हरेक मस्जिदों के आस पास भारी संख्या में पुलिस बल लगाए गए थे।राजपुर में थाना प्रभारी विकास पा. सवान ने भी थाना क्षेत्र में विचरण करते नजर आए।उन्होंने कहा कि अब शांति भंग करने वालो की खैर नहीं है।उन्होंने कान्हाचट्टी बाजार,धमधमा, मदगड़ा ,चारु, जमरी बक्सपुरा आदि गांव में बड़ी संख्या के पुलिस बल लगाए थे।

## मुखिया किरण देवी और कुमार अंशु ने लिया शपथ



**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

चलकुशा : प्रखंड के मस. केडीह पंचायत की नव. निर्वाचित मुखिया किरण देवी एवं चौबे पंचायत से नवनिर्वाचित मुखिया कुमार अंशु ने अपने अपने पंचायत भवन में बिडीओ के समक्ष मुखिया पद का शपथ ग्रहण किया। जिसके बाद सभी वार्ड सदस्यों ने भी शपथ ग्रहण किया। जिसके बाद में मसकेडीह पंचायत के सभी वार्ड सदस्यों के द्वारा नि. र्विरोध उप मुखिया का चयन किया गया। सभी जनप्रतिनिधियों को बीडीओ समरेश प्रसाद भंडारी के द्वारा विधिवत शपथ दिलाया गया। मौके पर शैलेश रंजन, पूरन पासवान, राजेश कुमार ,रूपेश कुमार, अफजल अली, गणेश प्रजापति ,विक्रमादित्य सिंह ,असगर अली, शिव कुमार सिंह एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## 22 की विशाल जनाक्रोश ट्रैक्टर रैली -विधायक अमित यादव



**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा पूर्व नियोजित बैठक के तहत झारखंड में सरकार के गलत नीतियों के कारण लाखों मजदूरों बेरोजगारी को लेकर 22 जून को जनाक्रोश ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया गया है बैठक को सम्बोधित करते हुए विधायक अमित यादव ने बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के तमाम क्रशर संचालको मजदूरों लीज धारकों क्रशर मजदूरों ट्रैक्टर मालिको व मजदूरों तथा इट बालू स्टोन के कारण प्रभावित ग्रामीणों को 22 जून को आयोजित जनाक्रोश ट्रैक्टर रैली में भाग लेने का आह्वान किया उन्होंने कहा हेमंत सरकार के गलत शासन की वजह से झारखंड के लाखों लोग बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है सरकार को चाहिए कि क्रशर व माइनिंग के लाइसेंस कि प्रक्रिया में सरलीकरण किया जाए एक नीति तय हो कि झारखंड के लोग बेरोजगारी से बाहर निकले आज जनता त्राहिमाम कर रही है सरकारी तंत्र को जरा भी चिंता नही है इन सब बिंदुओं के साथ बरकट्ठा प्रखण्ड मुख्यालय में भव्य जनाक्रोश ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया जा रहा है बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व प्रमुख रामलखन मेहता, टुकलाल नायक, भोला प्रसाद, बीरेन्द्र कु शर्मा, बीरेन्द्र कु मेहता, मो खलील अंसारी, बिजय यादव, दुर्गानन्द झा, हीरालाल प्रसाद, टिंकु प्रसाद, भोला राम, छोटीलाल प्रसाद, जागेश्वर यादव, जीबन यादव, मुकेश कुमार, बसन्त राम समेत बड़ी संख्या में समर्थक व ग्रामीण उपस्थित थे ।

APEM
LIVE

## बिहारी पंचायत से अभिषेक कुमार गिरी ओर रोमी पंचायत से विक्रम कुमार मेहता बने उप मुखिया



**अपेम लाइव : पदमा**
**सुमन मेहता**

पदमा प्रखंड के अंतर्गत आज दो में पंचायत में उपमुखिया का चुनाव संपन्न हुआ। रोमी पंचायत से विक्रम कुमार मेहता 5 मतों से विजय प्राप्त हुई। उन्होंने अपने विपक्ष प्रत्याशी को पंकज कुमार मेहता को हराया। वहीं बिहारी पंचायत के उप मुखिया अभिषेक कुमार गिरि उर्फ राजा राजा ने जीत हासिल की। अपने विपक्ष प्रत्याशी को सीताराम मेहता को 3 वोट से परा. जित किया। दोनों विजेताओं के पदमा प्रखंड के वीडियो मनीष कुमार, निर्वाचन पदा. धिकारी पशु चिकित्सक डॉक्टर ओम प्रकाश राय , जेपीस मोहम्मद मजहर अंसारी, बिहारी पंचायत के पंचायत सचिव सत्य किशोर मेहता, रोजगार सेवक शिव कुमार यादव, सदानंद यादव, कंप्यूटर ऑपरेटर सूरज कुमार, पदमा प्रखंड के लीपका परवीन बक्सी मौजूद रहे। बिहारी पंचायत के उप मुखिया विजेता नीम लिखित लोगों ने बधाइयां दिएं पूर्व मुखिया सहदेव प्रसाद मेहता, गणेश यादव, रामचंद्र प्रसाद मेहता, बालेश्वर प्रसाद मेहता, विनोद गिरी , राघो गोप , अशोक कुमार राणा मौजूद रहे।

## कन्या मध्य विद्यालय में बच्चों के बीच प्रतिपूर्ती भत्ता वितरित किया गया

### मुखिया अब्बास अंसारी ने कहा सरकार के द्वारा दी जा रही राशि का सद्पयोग करें और शिक्षा पर ध्यान दे




**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**संतोष कुमार पाण्डेय**

बरकट्ठा : प्रखण्ड के कन्या मध्य विद्यालय में बच्चों के बीच एमडीएम को लेकर भत्ता का वितरण किया गया।इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि मुखिया अब्बास अंसारी मौजूद थे। उन्होंने कहा सरकार द्वारा दी जा रही प्रतिपूर्ती भत्ता के रूप में कुकिंग कोस्ट की राशि का सद्पयोग करें।वहीं शिक्षा पर विशेष बल देने की जरूरत है।यह समय वापस लौट कर नही आएगा। उन्होंने बच्चों को समय का सही उयोग करने की नसीहत दी।समय की कीमत को पहचानने की जरूरत है।आज आप लाप. रवाही करेंगे तो शिक्षा से वंचित रह जाएंगे।शिक्षा से अच्छाई का मार्ग प्रशस्त होता है।हमारे अंदर के अवगुण शिक्षा से ही दूर किया जा सकता है।अच्छाई और बुराई की पहचान शिक्षा से प्राप्त करते है।मौके प्रधानाध्यापक महेश चौधरी,एसएमसी अध्यक्ष समेत शिक्षक गण उपस्थित थे

## सांसद प्रतिनिधि ने सुदूरवर्ती गांवों का किया दौरा, जनसमस्याओं से सांसद कराएंगे अवगत



**अपेम लाइव: चौपारण**
**किशेर राणा**

हजारीबाग सांसद जयन्त सिन्हा के मंडल सांसद प्रतिनिधि मुकुन्द साव अपने टीम के साथ चोरदाहा पंचायत के सूदूरवर्ती गाँव का दौरा किया। इस दौरान गांव टोला जाकर श्री साव एक एक करके जनसमस्याओं को सुना व अपने सामर्थ्य के हिसाब से समस्या समाधान का भरोशा दिया। वही बड़ी समस्याओं को माननीय सांसद को अवगत करवाकर, समस्या समाधान का भरोशा दिया। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि क्षेत्र बड़ा होने के कारण सांसद महोदय सभी गांव तक नही पहुंच सकते है। उनके सभी विभागों के सांसद प्रतिनिधि क्षेत्र में घूम घूम कर जनता की समस्या सुनेंगे और समस्या समाधान करेंगे। इस दौरान उपस्थित स्थानीय मुखिया अर्चनन हेम्ब्रम ने कहा कि हमारे स्तर से हर छोटी बड़ी समस्या समाधान किया जाएगा। मौके पर मे सांसद प्रतिनिधि (खाद्य आपूर्ति विभाग )सुनील कुमार सिंह, भाजपा ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजकुमार यादव, सहित अन्य

## अग्निपथ पर चलकर युवा बनेंगे अग्निवीर : नागेश्वर रजक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



भारतीय सेना के तीनों अंगों में भर्ती के लिए केंद्र सरकार की और से शुरू की गई अग्निपथ योजना को लेकर उत्साह में है। वे इस योजना के सक.ारात्मक और नकारात्मक दोनो पहलुओं की जानकारी हासिल कर रहे है। कई जगह इस योजना का विरोध भी किया जा रहा है। वहीं कई विशेषज्ञ इस योजना को देशहित में बताकर युवाओं को इसके लाभ से अवगत करा रहे है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की अग्निपथ योजना देश, सेना और युवाओं तीनो के लिए लाभदायक है। उन्होंने बताया की अग्निवीर को राज्यों और केंद्र मंत्रालयों की नोकरी में प्राथमिकता दी जाएगी। उन्हे पूर्व सैनिक कोटे का भी लाभ मिलेगा, सिविल जॉब के लिए भी अनुभवी युवा मिलेंगे वहीं भ्रष्टाचार भी खत्म होगा। जब कोई युवा फौजी सेवानिवृत होगा तो वह अपना कोई बिजनेस शुरू कर सकता है। और सेवानिवृत होने पर मिली धनराशि को उसमे निवेश कर सकता है।

## डुमरवार पंचायत सचिवालय में नवनिर्वाचित मुखिया एवं वार्ड सदस्यो का पद एवं गोपनीयता की सपथ दिलाया गया

### रूबी कुमारी बनायी गई उपमुखिया

**अपेम लाइव : प्रतापपुर**
**कुमार चंदन**




प्रखंड के अति उग्रवाद प्रभावित गांव डुमरवार के पंचायत सचिवालय में शुक्रवार एक समारोह आयोजित कर नवनिर्वाचित मुखिया, उपमुखिया व वार्ड सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की सपथ दिलाया गया ।सपथ ग्रहण कार्यक्रम मे निर्वाची पदा. धिकारी सह सीओ जु. ल्फिकार अंसारी ने दिलाया ।मौके पर उन्होंने समारोह मे उपस्थित मुखिया,वार्ड सदस्यो को पंचायत के नियम ,कानून व कई आवश्यक जानकारी दिया। सपथ ग्रहण के बाद उपमुखिया का चुनाव की प्रक्रिया शुरू किया गया ।बता दे कि डुमरवार पंचायत मे वार्ड सदस्यो की कुल संख्या 14 है ।जिसमे 3 वार्डो मे एस सी ,एस टी को लेकर चुनाव नही कराये गये ।तथा एक नव. निर्वाचित वार्ड सदस्य ट्रेनिंग मे चले जाने के कारण अनुपस्थित पाया गया ।शेष 14 वार्ड सदस्यो मे से दो सदस्य रूबी कुमारी एव उमेश यादव ने उपमुखिया पद के लिए नामांकन किया ।वोटिंग के बाद मतगणना मे रूबी कुमारी को 06 ,उमेश यादव को 02 जबकि 02 मत को रिजेक्त किया गया ।निर्वाची पदाधिकारी सह सीओ ने रूबी कुमारी को उपमुखिया का प्रमाण पत्र देते हुये पद एवं गोपनीयता की सपथ दिलाया। सपथ ग्रहण कार्यक्रम में वार्ड सदस्य दिलीप भारती,कविता देवी,प्रियंका देवी,रिंकु कुमारी, सूर्यकांत पासवान,उमेश यादव, रूबिना खातुन, रूबी देवी,बिनोद पासवान,अनिता देवी पंचायत के पूर्व मुखिया नरेश राम रजक, मुखिया प्रतिनीधि रामजी पासवान,भाजपा महामंत्री सतेन्द्र पासवान,भाजपा नेता कपिल पासवान, सिदकी मुखिया सुरेश पासवान, विशुनदेव अंगार, बीएलडब्लु रार्मा. बलास राम,कमलेश पा. सवान,प्रखंड कर्मी प्रदीप पासवान, अनुज कुमार, यदु पासवान,समशाद कुरेशी,इन्द्रदेव यादव, फुल. चन्द यादव, पैरु यादव, नरेश यादव, जलिल मियां,तौफिक खान समेत पंचायत के बुद्धिजीवियो, समाजसेवियो ,जनप्रतिनी. धियो समेत ग्रामीण शामिल थे।

## बड़कागांव आदर्श विद्यालय में पोशाक एवं प्रतिपूर्ति राशि का वितरण किया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : आदर्श मध्य विद्यालय में 2021-22 प्रतिपूर्ति राशि वितरण के अलावा बैग पोशाक व अन्य सामग्रियों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष है संतोष राम एवं संचालन विद्यालय सचिव अशोक कुमार ने किया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे बड़कागांव मध्य पंचायत के मुखिया तकरीमुल्लाह खान पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर के हाथों बच्चों के बीच वितरण किया गया। मौके पर मुखिया तकरीमुल्लाह खान ने कहा कि शिक्षक बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें किसी प्रकार का कोताही नहीं बरतें। वहीं पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा आगे बढ़ाने के लिए निरंतर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन करते रहें ताकि बच्चों में मानसिक विकास हो सके आगे पढ़ने की जिज्ञासा बनी रहे। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप मुखिया प्रति. निधि सब्बू खान, मजहर मलिक, निजाम खान, पप्पू खान, शिक्षक चेतलाल राम, रामवृक्ष राम, दीपक कुमार राणा, नीलू कुमारी, रवि कुमार रवि, बसंती देवी, चंद्रावती वर्मा ,शकुंतला कुमारी, निगर सुलताना, हुस्ने आरा, संजय सागर, नकुल महतो, कमलेश श्रीवास्तव, देवेंद्र कुमार ,तुलसी महतो, बिना साहू, मुनेश राम ,राजू कुमार ,देवनाथ कुमार, रजनी कुमारी संतोषी कुमारी के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## मुखिया पारसनाथ के हाथों प्रतिपूर्ति राशि एवं पोशाक का वितरण किया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : कांडतरी पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुदी में मुखिया पारसनाथ प्रसाद के हाथों छात्र-छात्राओं के बीच प्रतिपूर्ति राशि का वितरण किया गया। बतौर मुख्य अतिथि मुखिया पारसनाथ प्रसाद ने कहा कि शिक्षक बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें किसी प्रकार का कोताही नहीं बरतें। बच्चों की प्रतिभा आगे बढ़ाने के लिए समय-समय पर निरंतर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन करते रहें ताकि बच्चों में मानसिक विकास हो सके और आगे पढ़ने की जिज्ञासा बनी रहे ।मौके पर अध्यक्ष रविकांत महतो , पूर्व अध्यक्ष हैदर हुसैन , सचिन तेजू साव , खेमलाल राम ,मोहित कुमार दांगी ,फूलचंद राम, प्रेम राणा, रामवृक्ष राम मोव मिकाईल के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

APEM LIVE

## मरीज की जान बचाने के लिए आर्यकर्ण फौंडेशन के 5 लोगों ने रक्तदान किया





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : अत्याधिक ब्लड रिसाव हो जाने के कारण गंभीर रूप से बीमार मझली डाड़ी निवासी राधिका देवी का इलाज रांची के ग्लोबल हॉस्पिटल में किया जा रहा है। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बड़कागांव में संचालित आर्यकर्ण फौंडेशन के अध्यक्ष सरोज सोनी के नेतृत्व में फाउंडेशन के 5 वरिष्ठ सदस्यों ने महिला की जान बचाने के लिए रक्तदान कर सामाजिक कार्यकर्ता होने का प्रमाण पेश किया है। रक्तदान करने वालों में मुख्य रूप से आर्य कर्ण निधि के सीएमडी रंजीत कुमार, रणधीर कुमार पटेल ,राजकिशोर कुमार, प्रदीप कुमार राणा एवं मिथिलेश कुमार पटेल ने रक्तदान किया । फाउंडेशन के अध्यक्ष सरोज सोनी ने कहा कि रक्तदान दुनिया का सबसे बड़ा दान है क्योंकि इससे दूसरे की जान बचाई जा सकती है। सभी स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए ताकि किसी बीमार की जान बचाई जा सके। एंबुलेंस सेवा एवं रक्तदान के लिए फाउंडेशन हमेशा लोगों की सेवा के लिए तत्पर रहती है।

## माँ भद्रकाली के चरणों मे पहुँची चौपारण प्रमुख पूर्णिमा देवी, माता से लिया आशीर्वाद

### माता की प्रसिद्धि विश्व विख्यात है, माँ की कृपा हमसब पर बनी रहे रू पूर्णिमा देवी

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण प्रखण्ड से नव निर्वाचित प्रमुख पूर्णिमा देवी ने अपने समर्थकों संग माँ भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना कर माता से आर्शीवाद लिया। माता के दर्शन के साथ मंदिर परिसर में स्थित अन्य मंदिर में जाकर पूजा अर्चना किया। पत्रकरो को संबोधित करते हुए प्रमुख पूर्णिमा देवी कहा कि माँ भद्रकाली की प्रसिद्धि विश्व विख्यात है। अपने कार्यालय की शुरुवात करने से पहले माँ का आशीर्वाद लेने उनके दरबार पहुँची हूँ। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मैं अपने कर्तव्यों व जिम्मेवारियों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करूँगी। पूर्णिमा देवी पत्रकारों के माध्यम से बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट किया। इस पूर्णिमा देवी के साथ उप. स्थित चौय विश्वकर्मा समाज के सचिव सह चतरा जिला विश्वकर्मा समाज के जिला अध्यक्ष डोमन राणा ने कहा कि ये समाज के लिए बड़ी उपलब्धि है। श्री राणा ने चौपारण प्रखण्ड वासियो के प्रति आभार प्रकट करते हुए उम्मीद जताया कि पूर्णिमा देवी आप सबके उम्मीदों पर खरा उतरेगी। पूर्णिमा देवी के जीत में अहम भूमिका निभाने वाले पति उदय राणा जेठ संजय राणा कर अलावे बच्छई मुखिया बिरेन्द्र रजक, बेलाही समिति सदस्य विकास पा. सवान, गोविंदपुर सदस्य अशोक यादव, रामपुर समिति सदस्य मनोज दास, प्रतिनिधि सर्योत्तम पांडेय, राजेश दास, राणा समाज के युवा नेता बिनोद शर्मा, सिकेन्द्र राणा, मुकेश राणा, दिलीप राणा, शिक्षक दिनेश राणा, संतोष पांडेय, भाजपा युवा नेता आकाश उर्फ गोलू रजक, चन्द्रशेखर उर्फ मिठू सिंह, पत्रकार शशि शेखर, किशोर राणा सहित अन्य।

## मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्धजनों के साथ एएसपी गिरिडीह ने पचंबा सभागार में किया बैठक





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह ज़िला अन्तर्गत पचंबा थाना में 16जून 2022गुरुवार को देर शाम गिरिडीह एएसपी हरीश बिन जामा ने पचम्बा थाना क्षेत्र स्थित सभी मस्जिदों के इमाम , अंजुम कमिटी के सदर और सेक्रेटरी के साथ साथ मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्धजनों के साथ बैठक किया और कई अहम दिशा निर्देश दिए। बैठक को रांची की घटना को मद्देनजर रखते हुए किया गया। गिरिडीह पुलिस प्रशासन पूरी तरह से हाई अलर्ट मोड में है किसी भी तरह की अप्रत्याशित घटना से निपटने के लिए पूरी तरह से मुस्तैद दिखाई दे रही है। बैठक को संबोधित करते हुए एएसपी ने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक और आपत्तिजनक पोस्ट, वीडियो और कमेंट करने से बचें। जिला प्रशासन का सोशल मीडिया पर पैनी नजर है अगर किसी ग्रुप में इस तरह की पोस्ट, वीडियो और कमेंट अगर कोई करता है तो उसे और ग्रुप एडमिन पर पुलिस प्रशासन कठोर कानूनी कार. ‘वाई करेगी। एएसपी ने यह भी कहा कि जुम्मे की नमाज़ अदा कर शांतिपूर्वक अपने अपने घर को जाएं। जुम्मे के दिन किसी भी तरह का विजय जुलूस में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है अगर किसी ने डीजे का इस्तेमाल किया विजय जुलूस में तो डीजे जब्त कर संचालक पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। आज के इस अहम बैठक में पचंबा थाना के कार्यवाहक प्रभारी अवदेश कुमार, पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार सिंह एएसआई दाऊद बाड़ा, अभिमन्यु प्रहरी,, इस्माइल मरांडी, राजीव रंजन कुमार, श्रवण कुमार सहित सैकडों इमाम, सदर और सेक्रेटरी मौजूद रहे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## पचम्बा में आपसी भाईचारा ही एक सहारा है – भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



प्रशासन का नजरिया फिलहाल बेहतर,प्राइवेट स्तर पर थाना में काम करने वाले एकतरफा पक्ष लिए प्रसिद्ध उसपर लगाम की आवश्यकता,सही रिपोर्ट ऊपर भेजने मे करते है कोताही,अब प्रशासन के मोनेटरिंग का फायदा डायरेक्ट मिलेगा जनता को,जनता को एकत्रित और जागरूक रहने की है आवश्यकता,फ़ोटो खिचाने वाले प्रतिनिधि से रहे दूर,मौके पर सामने नहीं आने वाले से बचकर रहना होगा। पचम्बा गिरिडीह की उपनगरी कहीं जाती है,अच्छे अच्छे लोग रहते है लेकिन पिछले 10 सालों से,पूरे भारत में जो धर्म,क०म का माहौल बनाया गया है,उससे प्रभावित हुआ है पचंम्बा भी।लगातार तीसरी बार ऐसा माहौल को बनाया गया है,पहले बच्चे जब लड़ते थे तो बड़े संभालते थे अब यदि दो क०म के है तो गार्जियन में इतना जहर है कि मिलना पसंद नहीं करते है,यदि लड़ाई झगड़ा ही स०ल्यूशन रहता तो ठीक है किंतु जोश में लड़ तो लेते है बाद में दोनो को भुगतना पड़ता है।पचम्बा थाना में जो जो प्राइवेट स्तर पर काम करते है वह एकतरफा रिपोर्ट देने के लिए फेमस है,प्रशासन को चाहिए कि खुद से जांच कर लें,प्रशासन की पहल जो शांत्ति समिति को एक्टिभ करने की बात की गई काफी सराहनीय है,भविष्य में ऐसा लगातार होने से झगड़ा तुरंत समाप्त होगा,वरिष्ट अधिकारी की अच्छी पहल है,माले ने भी 4 दिन पहले इन्ही बिन्दुओ को ध्यान में रखते हुए वीडियो वायरल भी किया थ था जीसको लगभग 1 लाख लोगों ने सुना भी है। लेकिन भाजपा के नेता द्वारा जान बूझ कर पचंम्बा को झूठा न्यूज़ में लाने के लिए पोस्टर बना कर सटवाया है इससे कुछ लोग ही खुश है जिनको राजनीति करनी थी लेकिन अधिकतर इस तरफ के पोस्टर से दुखी नजर आए, इतना मेहनत अगर बीजेपी लड़ाई के बाद भाईचारा बनाने के लिए लगा देता तो आज और बेहतर माहौल होता,प्लान वे में ऐसी प्रोगेंडा का माले वि. रोध करता है,बल्कि प्रशासन से मिलकर सबूत के साथ बात करते बीजेपी वाले तो अच्छा रहता। इधर जे एम एम की पहल नगण्य रही,सत्ता में है जे एम एम किन्तु ऐसे माहौल में उनके दल वाले कि पहल न होने से अकेला महसूस करती है जनता। माले कि पहल हो रही है गिरिडीह विधानसभा में कि जो फ०ल्स राजनीति करते है,जनता के साथ प्रशासन को भी अँधेरे में रखते हैं उसको तह तक जाके भण्डा फोड़ करना है,इससे आम जनता को फायदा मिलेगा,जिस दिन जनता झूठ राजनीति करने वाले को पहचान लेगी उसी दिन से भारत मे सुधार होगा,सब कुछ वोट नहीं होता है,इंसानियत भी बड़ी चीज है,हरेक इलाके में 2-4 कम्युनल बात करने वाले होंगे उनको मोटिवेशन की जरूरत है,वो कम्युनल बीमारी से ग्रसित है,समझाने से माइंड बेहतर होगा,ऐसे जहर सोच के कारण ही अपना इलाका बर्बाद हो रहा है।

## बिरनी प्रखंड के प्रमुख रामु बैठा ओर उप प्रमुख शेखर शरण दास बनें

### एसडीओ आलोक कुमार ने प्रमाण पत्र देकर पद गोपनीता की दिलाई शपत



प्रमुख रामु बैठा



उप प्रमुख शेखर शरण दास

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत प्रमुखों के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है 16 जून को बिरनी प्रखंड के सिमराढाब के पंचायत से जीते पंचायत समिति सदस्य रामू बैठा बिरनी प्रखंड के नए प्रमुख बने वा शेखर शरण दास उपप्रमुख के रूप में निर्वाचित हुए प्रमुख के चुनाव में उन्होंने अपने प्रतिदिदी पंचायत समिति सदस्य कुसुम देवी को चुनावी में रामू बैठा को 20 वोट लाकर अपने प्रतिद्वंद्वी से 06 वोट से विजय हासिल किया औऱ कुसुम देवी को 14 वोट प्राप्त किया वहीं उप प्रमुख निर्वाचित प्रक्रिया में शेखर शरण दास को 22 वोट वा आरजू परवीन को 12 वोट प्राप्त हुए वही शेखर शरण दास अपने प्रतिद्वंद्वी से 10 वोट लाकर उपप्रमुख सीट पर कब्जा जमाया बिरनी प्रखंड में 28 पंचायत में 34 पंचायत समिति सदस्य हैं जिन्होंने अपने मताधिकार प्रयोग कर प्रमुख व उप प्रमुख का चयन किया गुरुवार को प्रखंड प्रमुख और उपप्रमुख के चुनाव को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी कुंदन कुमार की देखरेख में कड़ी सुरक्षा के बीच प्रक्रिया शुरू हुई सबसे पहले अनुमंडल पदाधिकारी ने बैठक कर पंचायत समिति सदस्य को चुनाव के नियम की जानक. ारी दी इसके बाद सभी सदस्यों को शपथ दिलवा कर चुनाव की प्रक्रिया शुरू की गई प्रमुख पद के लिए रामू बैठा वा कुसुम देवी ने अपना नामांकन कराया वा उपप्रमुख के लिए शेखर शरण दास वा आरजू परवीन ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया नव. निर्वाचित प्रमुख बने रामू बैठा ने का यह जीत पूरे बिरनी प्रखंड के जनता जनार्दन की जीत है प्रखंड में भ्रष्टाचार को सबसे पहले खत्म करूंगा जनता को अधिकारी तक पहुंच सुलभ तरीके पहुंचाना और उसका उसी वक्त निवाराण करवाना मेरी प्राथमिकता होगी मैं उन तमाम पंचायत समिति सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने मुझे अपना अपने पंचायत के जनता का बहुमूल्य वोट देकर मुझे प्रमुख काबिल समझा मैं भरोसा देता हूं कि आप के मान सम्मान के लिए कटिबंध रहूंगा वही नवनिर्वाचित उपप्रमुख शेखर शरण दास ने कहा आज से बिरनी में देखने में नया युग का शुरुआत हुआ है अब बिरनी में माफियाओं का राज नहीं गरीबों का राज चलेगा और मैं वादा करता हूं कि जनता के हर काम को लेकर हमेशा में आगे बढ़कर काम करूंगा मुख्य रूप से बिरनी सीओ अशोक राम बिरनी बीडीओ सुनील वर्मा समेत प्रखंड वा अंचल के कर्मी उपस्थित थे।

## बिरनी प्रखंड के प्रमुख रामु बैठा ओर उप प्रमुख शेखर शरण दास बनें

### एसडीओ आलोक कुमार ने प्रमाण पत्र देकर पद गोपनीता की दिलाई शपत

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत प्रमुखों के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 16 जून को बिरनी प्रखंड के सिमराढाब के पंचायत से जीते पंचायत समिति सदस्य रामू बैठा बिरनी प्रखंड के नए प्रमुख बने वा शेखर शरण दास उपप्रमुख के रूप में निर्वाचित हुए। प्रमुख के चुनाव में उन्होंने अपने प्रतिदिदी पंचायत समिति सदस्य कुसुम देवी को चुनावी में रामू बैठा को 20 वोट लाकर अपने प्रतिद्वंद्वी से 06 वोट से विजय हासिल किया औऱ कुसुम देवी को 14 वोट प्राप्त किया। वहीं उप प्रमुख निर्वाचित प्रक्रिया में शेखर शरण दास को 22 वोट वा आरजू परवीन को 12 वोट प्राप्त हुए। वही शेखर शरण दास अपने प्रतिद्वंद्वी से 10 वोट लाकर उपप्रमुख सीट पर कब्जा जमाया। बिरनी प्रखंड में 28 पंचायत में 34 पंचायत समिति सदस्य हैं, जिन्होंने अपने मताधिकार प्रयोग कर प्रमुख व उप प्रमुख का चयन किया गुरुवार को प्रखंड प्रमुख और उपप्रमुख के चुनाव को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी कुंदन कुमार की देखरेख में कड़ी सुरक्षा के बीच प्रक्रिया शुरू हुई सबसे पहले अनुमंडल पदाधिकारी ने बैठक कर पंचायत समिति सदस्य को चुनाव के नियम की जानकारी दी। इसके बाद सभी सदस्यों को शपथ दिलवा कर चुनाव की प्रक्रिया शुरू की गई।प्रमुख पद के लिए रामू बैठा वा कुसुम देवी ने अपना नामांकन कराया वा उपप्रमुख के लिए शेखर शरण दास वा आरजू परवीन ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नव. निर्वाचित प्रमुख बने रामू बैठा ने का यह जीत पूरे बिरनी प्रखंड के जनता जनार्दन की जीत है प्रखंड में भ्रष्टाचार को सबसे पहले खत्म करूंगा जनता को अधिकारी तक पहुंच सुलभ तरीके पहुंचाना और उसका उसी वक्त निवाराण करवाना मेरी प्राथमिकता होगी मैं उन तमाम पंचायत समिति सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने मुझे अपना अपने पंचायत के जनता का बहुमूल्य वोट देकर मुझे प्रमुख काबिल समझा, मैं भरोसा देता हूं कि आप के मान सम्मान के लिए कटिबंध रहूंगा वही नव. निर्वाचित उपप्रमुख शेखर शरण दास ने कहा गुरुवार से बिरनी में देखने में नया युग का शुरुआत हुआ है। अब बिरनी में माफियाओं का राज नहीं गरीबों का राज चलेगा और मैं वादा करता हूं। कि जनता के हर काम को लेकर हमेशा में आगे बढ़कर काम करूंगा मुख्य रूप से बिरनी सीओ अशोक राम बिरनी बीडीओ सुनील वर्मा समेत प्रखंड वा अंचल के कर्मी उपस्थित थे।

## पालमो पंचायत के उप मुखिया पद से नूनीबाला देवी चुने गए

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के परिणाम आने के उपरांत लंबे इंतजार के बाद आज सदर प्रखंड के पालमो पंचायत सचिवालय में उप मुखिया का चुनाव हुआ। जिसमे पालमो पंचायत के ग्रामीणों के बीच चुनाव कराया गया।इसमें अंचल अधिकारी रवि भूषण प्रसाद CIA जितेंद्र कुमार की उप. स्तित में जंहा निर्वाचित मुखिया श्रीमती किनी देवी को शपथ दिलाई गई।फिर सभी ग्राम वार्ड सदस्यो को शपथ दिलाई गई।वही शांतिपूर्ण ढंग से उप मुखिया का चुनाव सम्पन कराया गया।जिसमें मधु देवी को दो मत से शिकत देते हुए नुनिबला देवी ने उप मुखिया पद पर जीत हासिल की। फिर नुनिबला देवी को उप मुखिया में जीत के बाद C-O रवि भूषण प्रसाद ने घोषणा किया उसके बाद उप मुखिया पद की शपथ दिलाई गई।अंत मे नव. निर्वाचित मुखिया श्री मति किनी देवी ने सभी ग्रामीणो वार्ड सदस्यों एवम अधिक. ारियोंको आभार प्रकट की। मोके पर नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्य अनिल साहू,मुखिया प्रति. निधि सुरेंद्र प्रसाद यादव,वार्ड सदस्य सुरेश राय, प्रकाश नारायण सिंह,प्रभाकर पाण्डे, अशोक सिंग,भुच्चो दास, पच्चू साव,राजेन्द्र राय, बालो मंडल,बद्री मंडल,आदि उपस्तित थे।

## बिरनी : बज्रपात से एक कि मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी में शुक्रवार को बारिश ने आपना कहर बरपाया बता दे कि बिरनी प्रखंड अंतर्गत आने वाले टोको धर्मपुर में घर छत की ढलाई के क्रम में बज्रपात हो गया। जिसमें वज्रपात में दोनों घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक बता दे कि घर छत के ढलाई के लिए लेबर का कार्य के आये थे।बल्कि तेज बारिश शुरू हो गई।. और कार्य के लिए आये मजदूर घर मे बचने लगे।गौरतलब यह है की घर के पास एक पेड़ था।उसी पेड़ पर बज्रपात हुआ और दोनों बज्रपात के चपेट में आ गया। जानक. ारी के अनुसार बता दे कि बज्रपात हुआ तो एक को डंबबुरुष तो दूसरा जमीन पर गिर गया।वही जो ज्यादा गंभीर रूप घायल थे। उनको आनन फानन में गिरिडीह सदर अस्पताल ले जा रहा था। तभी बीच रास्ते मे आपना दम तोड़ दिया और मौत हो गई। मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है।घायल व्यक्ति बिरनी थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है।खबर लिखे जाने तक पुलिस को सूचना नहीं दिया गया था। और खबर लिखे जाने तक मृतक को वापस घटनास्थल पर लाने की खबर मिल रही थी।मृतक व्यक्ति का खबर लिखे जाने तक नाम पुष्टि नहीं किया गया। वही घायल व्यक्ति बिरनी प्रखंड के चिरुडीह गांव निवासी समीद अन्सारी के रूप में किया गया।

## बिरनी में कई मुखिया वा वार्ड सदस्य का शपथ ग्रहण के साथ साथ उपमुखिया का किया गया चयन

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र के कई पंचायत में शुक्रवार को कई मुखिया वा वार्ड सदस्य को शपथ दिलाने के साथ साथ पंचायत में उपमुखिया का भी चयन किया गया।बता दें की बिरनी प्रखण्ड के बरमसिया पंचायत के मुखिया विष्णुदेव वर्मा अरारी पंचायत प्रमिला देवी उपस्थित थे। बरमसिया पंचायत के उप मुखिया कुंती देवी वा अरारी पंचायत के उपमुखिया जितेन्द्र यादव के रूप में चयन किया गया। बता दें कि बरमसिया पंचायत के उप मुखिया से दो वार्ड सदस्य ने नामांकन करवाया जिसमें से दोनों का मत बराबर हो गया। इसके बाद आदेश अनुसार मुखिया ने दोनों में से एक सदस्य को वोट देकर विजय बनाएं। जिसमें कांति देवी उप मुखिया के तौर पर चयन किया गया, वही अरारी पंचायत के जितेंद्र यादव निर्विरोध उप मुखिया के रूप में चयन किया गया।इस मौके पर मुख्य रूप से बिरनी बीडीओ सुनील वर्मा अरारी मुखिया प्रतिनिधि सुनील वर्मा बरहमसिया पंचायत मुखिया विष्णुदेव वर्मा समेत प्रखण्ड व अंचल के कर्मी उपस्थित थे।,



दिनांक: 17-06-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## भरकट्टा बाजार में निकला आशीर्वाद यात्रा

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**




बिरनी प्रखंड अंतर्गत भरकट्टा बाजार में आशीर्वाद यात्रा निकाला गया। आशीर्वाद यात्रा का नेतृत्व पूर्व प्रमुख सीताराम सिंह कर रहे थे। नेतृत्व कर रहे पूर्व प्रमुख सीताराम सिंह आशीर्वाद यात्रा में शामिल होकर बिरनी प्रखंड में प्रमुख और उपप्रमुख जीत के खुशी में आशीर्वाद यात्रा निकाला गया। इस यात्रा में सैकड़ों की संख्या में पार्टी के कायकर्ताओं शामिल होकर आशीर्वाद यात्रा को सफल बनाया ।और भरकट्टा बाजार के सभी दुकानदारों व्यवसाय को धन्यवाद देते हुवे। पूरे भरकट्टा बाजार का भर्मण किया। वही रंग बिरंगी गुलाल लगाकर फूल माला पहनाकर पैदल यात्रा किया जिसमें प्रमुख रामु बैठा उप प्रमुख शेखर शरण दास समेत कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तीन बच्चों के पिता ने फांसी लगाकर दी जान

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह और आस पास के क्षेत्रों में आए दिन आत्महत्या की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है । कारण जो भी रहा हो मगर ऐसी घटनाएं चिंतनीय विषय है। आज शाम को गिरिडीह नगर थाना क्षेत्र के बरमसिया के रहने वाले बबलू चौधरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जैसे ही घरवालों को मालूम हुआ कि बबलू ने फांसी लगा ली है उसे फंदे से उतारकर सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार बबलू चौधरी पिता इंदर महतो उम्र 25 साल घर चिरैयाघाट रोड बरमसिया का रहने वाला था और वह शादीशुदा होने के साथ साथ3 बच्चे का पिता भी था। बबलू चौधरी के परि. जनो के चीत्कार से सदर अस्पताल गिरिडीह गमगीन हो गया। महिलाएं दहाड़े मार मार कर रो रही थी। घटना की सूचना पर नगर थाना पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुट गई। पुलिस ने कुछ भी बताने से इंकार किया।

## झारखण्ड प्रभारी से मिले बासुदेव पंडित, माटी कला बोर्ड की गठन की मांग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


शिष्टाचार मुलाकात करते बासुदेव पंडीत

झारखण्ड प्रदेश,राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ, झारखण्ड के युवा महासचिव बासुदेव पंडित ने झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय से शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने झारखण्ड में माटी कला बोर्ड का गठन को लेकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार की कार्यकाल तीन साल होने को है। लेकिन अब तक माटी कला बोर्ड का गठन नही हो पाया। जिससे प्रजापति समाज के लोगो को मिलने वाला सरकारी लाभ नही मिल पा रहा है। अफसोस है कि अबतक इस पर कोई पहल नही किया गया। उन्होंने झारखण्ड में माटी कला बोर्ड की अविलम्ब गठन की मांग की।

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

## एसबीआई ने किया नवनिर्वाचित मुखिया का स्वागत

### बैंक के साथ जुड़कर लोगों को स्किम का लाभ दिलाएं – शाखा प्रबन्धक

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



भारतीय स्टेट बैंक चंदवारा शाखा परिसर में पंचायत चुनाव जीत कर आये मुखियागण का स्वागत समारोह का आयोजन शाखा प्रबंधक स्नेहा शोषण कुजूर की अध्यक्षता में की गई। मौके पर उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को शाखा प्रबंधक द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उप शाखा प्रबंधक मंजूर आलम ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को भारतीय स्टेट बैंक द्वारा चलाये जा रहे कई स्कीम की जानक. ारी देते हुए कहा कि भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण क्षेत्र के ग्राहकों के लिए व उनके परिवार के लिए कई विशेष स्कीम चला रही है। जिन्हें लाभ देने की जिम्मेवारी पंचायत प्रति. निधियों की भी है। उन्होंने उपस्थित मुखियागण से आग्रह करते हुए कहा कि सरकार द्वारा बैंकों के माध्यम से कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिनकी जानकारी ग्रामीण स्तर पर जनप्रतिनिधियों के माध्यम से हो सकता है। मौके पर पिपराडीह पंचायत की मुखिया कल्याणी देवी, चंदवारा पूर्वी की मुखिया अनीता देवी, चंदवारा पश्चिमी के मुखिया संतोष कुमार कुशवाहा, भोंडो की मुखिया कोयल देवी, खांडी के मुखिया असगर अंसारी, पिपराडीह के पूर्व मुखिया धीरज कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता संजय दास, कुलबीर यादव सहित बैंक के सहायक अभिजीत कुमार, पूनम कुमारी, सुरभि कुमारी व आर्म्स गार्ड जयप्रकाश सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## गिरिडीह भाकपा माले नेता सह कैरियर कैंपस निदेशक राजेश सिन्हा नेकियाआम आवाम से अपील

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



भाकपा माले नेता गिरिडीह विधान सभा प्रभारी सह कैरियर कैंपस के संस्थापक सह संचालक राजेश सिन्हा ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि आजकल पूरे भारत ही नहीं झारखंड के गली मुहले में भी केंद्र सरकार और राज्य सरकार के गलत नीतियों का विरोध होता आ रहा है। विरोध प्रदर्शन कुछ छोटे स्तर का होता है कुछ बड़े स्तर का होता है। जिला प्रशासन या राज्य सरकार या केंद्र सरकार भी लोकतंत्रिक वि. रोध को नहीं रोक पाती है,लेकिन उसके नियम है और कानून है।उस नियम के तहत बड़े पैमाने पर वि. रोध प्रदर्शन के लिए एस डी एम को एक सूचनार्थ में लिखित आवेदन दिया जाता है ताकि आपका विरोध प्रदर्शन प्रशासन के नजर में भी दर्ज हो ।प्रशासन के कई विंग विरोध का बड़ा बड़ा सटीक रिपोर्ट तैयार करते है और उसे सरकार के संबंधित कार्यालय और उच्च पदाधिकारी को भेजते है।यह कानूनी प्रक्रिया है जो आपको दिखता नहीं है पर यह कार्य होता है।सी आई डी विभाग,इंटेलिजेंस विभाग आपके कार्यक्रमो पर रिपोर्टिंग करते रहते है।कभी कभी सबंधित जन प्रतिनिधि से भी कन्फर्म होते है प्रशासन के लोग। झारखंड में माहौल अभी बेहतर नहीं है इसलिये प्रशासन हाई एलर्ट पर है। आंदोलन करने वाले लोग,पार्टी या संस्था अनियंत्रित भीड़ वाला प्रदर्शन से दूर रहे,यह खत. रनाक होता है,उस भीड़ का कोई नेतृत्व नहीं होता है ।इसलिए कोई लाठी तो कोई पत्थर चला देता है,फिर भीड़ अनियंत्रित होती है,पत्थर मारने वाले भाग जाते है और भोली भाली जनता या कुछ बेवकूफ युवा चढ़ जाते है पुलिस के हत. थे।ध्यान रहे ऐसे भीड़ को उकसाने के लिए कुछ षड्यंत्रकारी जो दूर से खड़ा होकर भी भीड़ पर पत्थर भी फेंक सकते हैं और फेंकने के बाद ऑटोमेटिक ज्यादा जहां भीड़ है उधर से भी पत्थर स्टार्ट हो सकती हैं।, रिक०र्डिग में देर होती है लेकिन जो दे दनादन फेंकता है रिक०र्डिंग उसी की होती है। आप बताने लायक नहीं रहेंगे कि पहला पत्थर किधर से आया और जब चारों तरफ से पत्थर चलती है तो सभी कैमरा एलर्ट हो जाते हैं, इसलिए अनियंत्रित जुलूस, अनियंत्रित भीड़ और जिस मोब का कोई नेतृत्व नहीं हो उस भीड़ में जाना मतलब आज के तारीख में अपने आप को असुरक्षित करना है।, इसलिए ऐसे भीड़ से बच के रहे और आपके आसपास के लोग भी अगर ऐसे भीड़ में जाते हैं तो उनको भी दूर रहने को कहें।, क्योंकि जब प्रशासन आ जाती है और प्रशासन पर कोई कोई पत्थर चलता है,तो जब आमने–सामने की लड़ाई होती है,तो अनियंत्रित जो भीड़ है पुलिस प्रशासन के सामने घुटना टेकते नजर आती है, ।क्योंकि उनके पास लाठी के साथ बंदूक और गोली भी होती है।। इसलिए वैसे भीड़ से परहेज करें। जिस भीड़ से आम जनता को परेशानी हो प्रशासन को परेशानी हो, सप्ताह भर आपके इलाके परेशान हो सकते हैं ऐसे अनियंत्रित भीड़ से दूर रहें।,एक महत्वपूर्ण बात, हर एक कौम में हर एक दल में, कुछ कम्युनल सदस्य होते हैं,उनका एक ही काम होता है दिनभर भोले भाले लोगों को भड़काना, दिमाग में आग भरना।, ऐसे लोग समाज के बारे में कोई चिंता नहीं करते हैं।,ऐसे ला. ेगों को चिन्हित कर जिस पार्टी में हो या जिस सामा. जिक संस्था में हो या जिस राजनीतिक संस्था में हो उन तमाम जगहों से उनको दूर करें उन से परहेज करें,कभी कभी जेन्विविन मांग पर पुलिस घेराबन्दी करती है तो आप बहस में जा सकते है,किन्तु तर्क विहीन बहस ना करें।,पुलिस से यदि आप तर्क से बात करेंगे,इज्जत बरकरार रहेगा,वरना पुलिस अचानक बदल सकती है,माइंड को कुल रखे और शांति व्यवस्था कायम रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें।

## कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला मुख्यालय पर दिया धरना

### केंद्र सरकार राहुल गांधी को तंग करना बंद करे – मनोज सहाय

**अपेम लाइव : कोडरमा**
**धीरज कुमार**




अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल जी के आदेशानुसार एवं झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे जी के निर्देश पर कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला मुख्यालय पर पदयात्रा एवं धरना कार्यक्रम आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष मनोज सहाय पिंकू के अध्यक्षता में आयोजित धरना एवं पदयात्रा कार्यक्रम में जिला एवं प्रखंड के कांग्रेस जनों ने उपस्थित होकर राहुल तुम संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं, प्रवर्तन निदेशालय(ED)का राजनीतिक इस्तेमाल बंद करो , जन विरोधी भाजपा सरकार के विरुद्ध लड़ेंगे हम कभी नहीं डरेंगे , के नारे लगाते हुए जिला के उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को स्मार पत्र सौंपा। कोडरमा नगर पंचायत अध्यक्ष राजू सिंह के संचालन में आयोजित धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सहाय ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के इशारे पर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को प्रवर्तन निदेशालय लगातार निराधार एवं मनगढ़ंत सवालों के साथ बंद हो चुके नेशनल हेराल्ड मामले में पूछताछ कर रही है जो केवल राजनीतिक प्रतिशोध है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं पार्टी कार्यकर्ताओं को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय एवं कार्यालय में प्रवेश नहीं करने देना अलोकतांत्रिक एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। पूरे देश में हम कांग्रेसी कार्यकर्ता, मोदी सरकार द्वारा सरकारी मिशनरियों का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं एवं नन बीजेपी शासित प्रदेश के सरकार को बेवजह तंग करने की मनसा को जन–जन के बीच उजागर कर रहे है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरीय उपाध्यक्ष परेश कुमार सिन्हा,वरिष्ठ कांग्रेसी अनवारुल हक,पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष गणेश स्वर्णकार,प्रदेश प्रतिनिधि तुलसी मोदी,वरीय उपाध्यक्ष आशीष पांडे, महिला जिला अध्यक्ष बेबी सिन्हा, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष फैयाज कैसर, नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात कुमार राम, सतगावां प्रखंड अध्यक्ष विजय प्रसाद सिंह,चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद वर्णवाल,पूर्व महिला अध्यक्ष केसरी देवी, अल्पसंख्यक महासचिव चांद आलम, महताब आलम, नगर सचिव लक्ष्मण विश्वकर्मा, धर्मेंद्र राम,सोशल मीडिया प्रभारी भोला दास,राजेश मोदी, प्रिया कुमारी, सलमा खानम,पुष्पा देवी,अजय यादव सहित जिला एवं विभिन्न प्रखंड के कांग्रेस जन उपस्थित हुए। धन्यवाद ज्ञापन कोडरमा नगर पंचायत अध्यक्ष राजू सिंह ने किया।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार    सहयोगीः सोनू पंडित,    एडिटिंग- सोनू पंडित    मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार